06.05.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:-

1- राज्य मंत्रीपरिषद ने नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला और डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के 850 पद स्वीकृत किए।

2- एमपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित, लड़कियों ने फिर मारी बाजी।

3- नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल कल, प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में होगी सिविल डिफेंस ड्रिल।

4- बेमौसम बारिश से गिरा पारा, आज भी उज्जैन, देवास, शाजापुर, शिवपुरी सहित 22 जिलों में आंधी, बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट।

कैबिनेट निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में पचमढ़ी नगर की नजूल भूमि को अभयारण्य की सीमा से पृथक किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी के लिए विशेष सहयोगी दस्ते के लिये एक वर्ष के लिए 850 पदों की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा बैठक में पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए "राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल" का गठन करने के निर्णय को स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद द्वारा नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी। बैठक की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गयी।

बोर्ड रिजल्ट

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सुबह 10 बजे परीक्षा परिणाम घोषित जारी किए। 10वी का रिजल्ट 76.22 प्रतिशत रहा, वहीं 12वीं में 74.48 फीसदी बच्चे पास हुए। सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 10वी में प्रदेश में पहले स्थान पर रही, उन्होंने 500 में से 500 अंक हासिल किए। वहीं कक्षा 12वी की परीक्षा में साइंस-मैथ्स संकाय में मैहर जिले के अमरपाटन के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रियल द्विवेदी ने 492 नंबर के साथ प्रदेश की मेंरिट में प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सभी छात्र छात्राओं को अच्छे परीक्षा परिणाम की बधाई थी, वहीं असफल प्रतिभागियों से कहा कि वे निराश न हों।

एमपी बोर्ड परीक्षा में असफल होने वाले छात्रों को एक और मौका दिया जाएगा। यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत दी जा रही है। जिसमे अब 10वीं और 12वीं के वे छात्र जो असफल रहे हैं या अपने अंकों में बढ़ोत्तरी करना चाहते हैं, वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे।

<u>रिजल्ट-जिला</u>

बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थी भविष्य के लिए उत्साहित नजर आए।

10वीं में प्रदेश टॉपर प्रज्ञा जायसवाल, 12वीं टॉपर मैहर की छात्रा प्रियल द्विवेदी और गुना के राघौगढ़ के रहने वाले 10वीं के हौनहार छात्र शैलेन्द्र धाकड़ ने आकाशवाणी से चर्चा करते हुए अपनी सफलता पर बात की

सागर के बीना की सुमबुल खान ने 10वी में प्रदेश में 5 वा स्थान हासिल किया है। पन्ना के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कला समूह के छात्र रंजीत कुमार पटेल ने 12वीं में प्रदेश की प्रविण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। रीवा के छात्र आर्यन पांडेय ने 12वीं में कला समूह में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। सीहोर जिले में जीव विज्ञान संकाय के स्टेट टॉपर में जिले के तीन छात्र शामिल हैं। खंडवा जिले में कक्षा 10वीं में 2 विद्यार्थी प्रदेश की प्रवीण्य सूची में शामिल हैं वहीं कक्षा 12वीं के कृषि समूह में एक छात्र प्रवीण्य सूची में शामिल है।

<u>गृह-नागरिक सुरक्षा</u>

केन्द्र  सरकार ने कल नागरिक सुरक्षा संबंधी तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए मॉक ड्रिल करने के लिए राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को कहा था। गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया। यह अभ्यास ग्रामीण स्तर तक किये जाने की योजना है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली के असर, भारतीय वायु सेना के साथ हॉटलाइन या रेडियो संचार लिंक का संचालन करना और नियंत्रण कक्षों की क्रियाशीलता का परीक्षण करना है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अभ्यास में शत्रु देशों के हमले की स्थिति में खुद का बचाव करने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देना शामिल है।
प्रदेश में भी कल मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के 5 शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में तेज आवाज के सायरन सुनाई देगे।

<u>एनएसए- प्रधानमंत्री बैठक</u>

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इससे पहले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भी श्री मोदी के साथ एक बैठक की। नौसेना प्रमुख

एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ भी अलग-अलग बैठकें हुई।

<u>कार्यशाला</u>

मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम एवं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग द्वारा 8 और 9 मई को "AI भारत @ MP – कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधार और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार" विषय पर कार्यशाला का आयोजन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। कार्यशाला डिजिटल गवर्नेंस को अधिक प्रभावी, समावेशी और नागरिकोन्मुखी बनाने के लिये 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (AI) और 'आधार' (UIADI) के प्रयोग की संभावनाओं पर केंद्रित होगी। कार्यशाला में नीति-निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सरकारी प्रतिनिधियों की भागीदारी से नॉलेज शेयर और विचार-विमर्श किया जायेगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी है। जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है। आज इंदौर में करीब एक इंच बारिश हो गई। लगातार तीसरे दिन इंदौर में तेज बारिश हुई। इधर भोपाल और उज्जैन में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। बदले मौसम की वजह दिन के तापमान में खासी गिरावट आई है। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में 32.5 डिग्री, भोपाल में 34.6 डिग्री, इंदौर में 32.4 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री और जबलपुर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। यहां 32 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 32.2 डिग्री, गुना में 32.5 डिग्री और शाजापुर में तापमान 32.7 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में ओले गिर सकते हैं।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

1- जबलपुर सीएम राइज स्कूल के छात्र कार्तिक गुप्ता ने 12वीं में गणित समूह में 500 में से 488 अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में चौथा स्थान हासिल किया।

2- दमोह में 12वीं में जीव विज्ञान संकाय में गार्गी अग्रवाल ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया एवं गणित संकाय में भानु सिंह ने मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया।

3- 12वीं कक्षा की परीक्षा में नीमच जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.3 रहा, जबकि 10वीं कक्षा में 87.29 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की।

4- मंडला जिले से कक्षा 12 वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 5 छात्रों ने स्थान बनाया है।

5- डिंडोरी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर नेहा मारव्या ने दो जरूरतमंद बालिकाओं के लिए प्रायोजन सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

6-सतना सांसद ने कहा है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से शहर की 150 किलोमीटर सड़क 140 करोड़ रूपए की लागत से बनाई गई।

7- मल्हार स्मृति मंदिर देवास में पंडित कुमार गंधर्व समारोह 10 और 11 मई को मनाया जाएगा।

-----------------------------------